# कैंची धाम आकर मुझे धार्मिकता , उदात्तता और आध्यात्मिकता का अनुभव हुआ है: उपराष्ट्रपति

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे के करीब कैंची धाम पहुंचे

**दर्शन**

**▶▶उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस पवित्र जगह पर आकर मन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नि डॉ. सुदेश धनखड़ संग गुरुवार को उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित कैंची धाम पहुंचे। उपराष्ट्रपति ने यहां पत्नि संग बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किए और आश्रमवासियों के साथ समय व्यतीत किया।
दर्शन के उपरांत उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस पवित्र जगह पर आकर मन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि इस जगह आकर उन्हें धार्मिकता, उदात्तता और आध्यात्मिकता के संगम का आभास हुआ है। ये वो जगह है जहां ऐसे महापुरुष हुए हैं जिनके द्वारा निर्धारित उच्चतम सिद्धांत सभी के लिए अनुकरणीय हैं।
उपराष्ट्रपति ने भारत की उत्कृष्ट सांस्कृतिक विरासत की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि भारत की 5000 वर्ष की सांस्कृतिक विरासत दुनिया में बेमिसाल है और वैश्विक समस्याओं के समाधान में भारतीय संस्कृति एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है।
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कड़ी सुरक्षा के बीच गुरुवार सुबह साढ़े 10 बजे के करीब कैंची धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की। स्थानीय युवतियों मीरा तिवारी और भावना तिवारी ने उपराष्ट्रपति व उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ का तिलक चंदन लगाकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से उपराष्ट्रपति को बाबा नीब करौरी की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की गई। जिलाधिकारी वंदना सिंह व एसएसपी पीएन मीणा ने भी यहां उपराष्ट्रपति का औपचारिक स्वागत किया।
उपराष्ट्रपति ने इस दौरान बाबा नीब करौरी की सजीव सी लगने वाली आदमकद मूर्ति के सामने शीष झुकाकर उन्हें प्रणाम किया। उनका लाया हुआ कंबल बाबा को ओढ़ाया और फूल व अन्य प्रसाद चढ़ाया गया। उपराष्ट्रपति ने मंदिर में स्थित हनुमान जी एवं अन्य देवी-देवताओं के भी दर्शन किये ओरं पूजा अर्चना की। साथ ही बाबा नीब करौरी के तपस्या स्थल पर भी नमन किया। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ भी बात की।
दर्शन व पूजा-अर्चना के बाद उपराष्ट्रपति का काफिला हल्द्वानी के लिए रवाना हो गया। इससे पहले गुरुवार सुबह नौ बजे से ही आम भक्तों के लिए कैंची धाम में प्रवेश रोक दिया गया था।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ पहुंचे उत्तराखंड, राज्यपाल ने किया स्वागत



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ गुरुवार को एक दिवसीय भ्रमण पर उत्तराखंड पहुंचे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने हल्द्वानी कैंट स्थित हेलीपैड पहुंचने पर उनका स्वागत किया।
इस अवसर पर उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, एडीजी अमित सिन्हा, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उपराष्ट्रपति का स्वागत किया।

**दर्शन**

**▶▶उपराष्ट्रपति अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान कैंची धाम स्तिथ नीम करौली मंदिर में दर्शन करेंगे।**

उपराष्ट्रपति अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान कैंची धाम स्तिथ नीम करौली मंदिर में दर्शन करेंगे। फिर धनखड़ पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शिक्षक वर्ग से संवाद भी करेंगे।

**न्यूज फ्लैश**

## फोनपे अब कई कैटेगरी के उपभोक्ताओं को लोन की सुविधा देगा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
फोनपे ने आज अपने प्लेटफॉर्म पर लोन देने की सुविधाओं का विस्तार किया है यह विस्तार छह मुख्य कैटेगरी-बाइक लोन, कार लोन, होम लोन, गोल्ड लोन, एजुकेशन लोन और म्यूचुअल फंड लोन में किया गया है फोनपे ने भरोसेमंद बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और फिनटेक कंपनियों के नेटवर्क के साथ साझेदारी की है 535प्लस मिलियन से अधिक रजिस्टर्ड यूजर के साथ फोनपे का लक्ष्य सुरक्षित लोन कैटेगरी में यूजर को बिना किसी रुकावट के बेहतरीन अनुभव देना है।
लॉन्च पर बोलते हुए, फोनपे लेंडिंग के सीईओ, हेमंत गाला ने कहा कि हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने कुछ बड़े बैंकों और एनबीएफसी के साथ मिलकर कई तरह के कैटेगरी में लोन देने का प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। इससे हमें देश भर में लाखों ग्राहकों को एक ही प्लेटफॉर्म पर जोड़ने और उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने का अवसर मिलता है। लोन देने वाली कंपनियाँ अब डिजिटल तरीके से लोन देने पर ज्यादा ध्यान दे रही हैं और लोग भी तेजी से इसे अपना रहे हैं। हमारा मानना है कि अब लोन व्यवस्था से जुड़े ग्राहकों के लिए सुरक्षित लोन प्रोडक्ट इस्तेमाल करने के अनुभव में क्रांति लाने का शानदार समय है।फोनपे ने कई प्रमुख लोन कंपनियों जैसे टाटा कैपिटल, एल एंड टी फाइनेंस, हीरो फिनकॉर्प, मूथूट फिनकॉर्प, डीएमआई हाउसिंग फाइनेंस, होम फर्स्ट फाइनेंस, रुपी, वोल्ट मनी, ग्रेडराइट आदि के साथ साझेदारी की है। आने वाले हफ्तों में और भी ऋणदाता जोड़े जाएँगे। प्लेटफॉर्म पर इस समय 15 एक्टिव पार्टनर हैं और अगली तिमाही तक इसे 25 तक बढ़ाने का लक्ष्य है। यूजर अपने फोनपे ऐप पर मौजूदा लोन सेक्शन के अंतर्गत लोन की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, अपनी इच्छा के अनुसार लोन कैटेगरी चुन सकते हैं, और फिर भिन्न लोन कंपनियों की सूची में से किसी लोन कंपनी को चुन सकते हैं। यूजर लोन का आवेदन आसानी से अपने परिचित फोनपे ऐप पर ही शुरू कर सकते हैं, और उन्हें इसके लिए दूसरे किसी और एप्लिकेशन पर नहीं जाना पड़ेगा जिससे यूजर के लिए यह प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

## FedEx ने रुड़की में पावर नेटवर्किंग मीट के 23वें संस्करण के साथ भारतीय एसएमई को सशक्त बनाया

**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
FedEx Corp. (एनवायएसईः एफडीएक्स) की सहायक कंपनी और दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनियों में से एक, FedEx Express ने 'पावर नेटवर्किंग मीट' समारोह के अपने 23वें संस्करण का आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत में छोटे और मध्यम आकार के उपक्रमों (एसएमई) को सशक्त बनाने के लिए कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। FedEx ऐसा इंटेलीजेंट लॉजिस्टिक्स समाधानों की शक्ति का उपयोग करती है, जो व्यापार को सुव्यवस्थित करने और व्यापार लचीलेपन को मजबूत करने के उद्देश्य से डिजिटल नवोन्मेष पर आधारित है। रुड़की में आयोजित कार्यक्रम में ई-कॉमर्स क्षेत्र (लकड़ी के हस्तशिल्प आदि) और समुद्री उपकरण उद्योगों से 120 से अधिक ग्राहकों और संभावनाओं की प्रभावशाली उपस्थिति देखी गई, जहां उन्होंने प्रश्नोत्तरी और नेटवर्किंग सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लिया।
FedEx Express MEISA मार्केटिंग के उपाध्यक्ष नितिन नवनीत टाटीवाला ने कहा, एसएमई भारत की आर्थिक वृद्धि को गति दे रहे हैं। 50 से अधिक साल की लॉजिस्टिक्स विशेषज्ञता के साथ, हम एसएमई को वैश्विक व्यापार की जटिलताओं से निपटने, उनकी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अनुकूलित करने और उन्हें निरंतर विकास स्थिति में रखने में मदद करते हैं। हमारे पावर नेटवर्किंग सत्र जैसे मंच एसएमई को FedEx समाधानों को प्रभावी ढंग से समझने और उपयोग करने में मदद करते हैं। वे एसएमई के लिए फीडबैक प्रदान करने के लिए एक स्थान भी बनाते हैं, जिसे हम बहुत महत्व देते हैं, जिससे हमें अपनी सेवाओं को बढ़ाने में मदद मिलती है। लॉजिस्टिक्स से परे, हम खुद को विकास प्रवर्तक के रूप में देखते हैं और इन व्यवसायों को वैश्विक अवसरों से जोड़ते और उन्हें इस डिजिटल युग में फलने-फूलने में मदद करते हैं।

# नशीले इंजेक्शन की खेप के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने नशीले इंजेक्शन की खेप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है।
इसी के चलते पुलिस ने ज्वालापुर के मोहल्ला पावधोई के निकट उमर मस्जिद के पास से नशीले इंजेक्शन के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया। आरोपित ने पूछताछ में अपना नाम राव उवेश पुत्र राव इरशाद निवासी बढेडी राजपुताना थाना बहादराबाद हरिद्वार बताया। आरोपित के कब्जे से ब्यूरिनोमॉर्फिन के 33 इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

# उत्तराखंड के वरुणावत पर्वत में आग हुई विकराल



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में उत्तरकाशी के वरुणावत पर्वत के जंगल में बुधवार शाम लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लपटें तेजी के साथ चारों तरफ फैल गईं। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट के वन विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, क्यूआरटी की टीमें आग बुझाने में जुटी हुई हैं। पूरी रात टीमों ने मोर्चा संभाला। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी भटवाड़ी टैक्सी यूनियन एरिया में तैनात की गई हैं।
इस पर्वत के नीचे बफर जोन है। यहां कुछ लोगों के मकान हैं। वरुणावत पर्वत के ऊपर कुछ गांव भी हैं। इनमें काफी आबादी है।
बताया गया है कि तूफान के कारण उत्तरकाशी जिले में डुंडा रेंज के मातली कक्ष संख्या दो के जंगल में हाई टेंशन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इस कारण आग लगी। इस कारण ऊर्जा निगम के को शटडाउन लेना पड़ा। इससे मातली और उत्तरकाशी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति करीब एक घंटे तक ठप रही। कुटेटी के ऊपर पहाड़ी पर स्थित जंगलों में भी आग लगी हुई है। वन विभाग के आठ कार्मिक आग बुझाने के प्रयास करते रहे। 33/11 केवी बड़कोट सब स्टेशन से निकलने वाला 11 केवी राजगढ़ी फीडर जंगल क्षेत्र में सिल्कियारा बैंड के पास पेड़ गिरने के कारण ब्रेक डाउन में है। इसके कारण कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।
वरुणावत की आग को भटवाड़ी टैक्सी स्टैंड व श्याम वन की तरफ से नियंत्रित कर लिया गया है। मगर तांबाखानी के ऊपर ढंगारी क्षेत्र में आग को बुझाने में कर्मचारी जुटे हुए हैं। अभी इंदिरा कॉलोनी आग की जद में है। आग बुझाने में टीमें लगी हुई हैं।

# पिता-भाई की हत्या में शामिल नाबालिग को अपने साथ ले गई जबलपुर पुलिस

**हत्या**

**▶▶जबलपुर की मिलेनियम कॉलोनी में बीते 15 मार्च को पिता-पुत्र की हत्या की गई थी।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
मध्य प्रदेश के जबलपुर में पिता और भाई की हत्या में शामिल नाबालिग लड़की को जबलपुर पुलिस हरिद्वार से लेकर मप्र रवाना हो गई है।
इससे पूर्व उसके प्रेमी मुकुल की भी हरिद्वार में तलाश की गई, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका। माना जा रहा है कि मुकुल मध्य प्रदेश या अन्य किसी राज्य में भाग गया है।
जबलपुर की मिलेनियम कॉलोनी में बीते 15 मार्च को पिता-पुत्र की हत्या की गई थी। मामले में मृतक राजकुमार विश्वकर्मा की नाबालिग बेटी और उसका प्रेमी मुकुल कुमार वांछित चल रहे थे। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। इसी बीच नाबालिग लड़की को हरिद्वार में जिला हॉस्पिटल के पास देखा गया। यहां पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में नाबालिग ने दोहरे हत्याकांड के राज खाले थे। उसने अपने प्रेमी के साथ मिलकर भाई और पिता की हत्या को अंजाम दिया था। जबलपुर पुलिस अब पूरे मामले में नाबालिग से पूछताछ करेगी।
इस संबंध में शहर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि नाबालिग लड़की के संबंध में हरिद्वार पुलिस ने जबलपुर पुलिस को सूचना दी थी। जबलपुर पुलिस हरिद्वार कोतवाली पहुंची। पुलिस ने नाबालिग को उनके सुपुर्द कर दिया।

## युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
लक्सर में पीएनबी बैंक से पहले अंग्रेजी शराब के ठेके के पास गुरुवार की सुबह एक 42 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
कोतवाली प्रभारी ने बताया गुरुवार को सूचना मिली की लक्सर अंग्रेजी ठेके पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। शव की पहचान उसके पास से मिले आधार कार्ड से हुई। मृतक राजेश पुत्र राधेश्याम, उत्तर प्रदेश के नारायण गंज उझानी ग्रामीण बदायूं का था।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार, दिनदहाड़े घर में घुसकर की थी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार**/श्यामपुर थाना पुलिस ने दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी करने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी का माल बरामद कर लिया है। इसके साथ पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। श्यामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीवाली निवासी ज्योति वर्मा ने पुलिस को 28 मई को तहरीर देकर घर में अज्ञात चोरों की ओर से चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने चोरों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। परिणामस्वरूप पुलिस ने गुरुवार को तिरछा पुल कांगडी के पास से तीन आरोपितों को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम दानिश (24) पुत्र जिन्दा हसन, जावेद (22) पुत्र अबरार निवासीगण ग्राम खाद गोदाम के पास कटारपुर थाना पथरी जिला हरिद्वार व सोएब (23) पुत्र मकसूद निवासी ग्राम भिक्कमपुर थाना लक्सर जिला हरिद्वार बताए हैं।

# चारधाम और हेमकुंड के दर्शनार्थियों का आंकड़ा 13 लाख पार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। कोई भी श्रद्धालु बिना दर्शन करे वापस न जाए। इसके लिए सरकार से लेकर पूरा सरकारी तंत्र व्यवस्थाएं बनाने में जुटा हुआ है। चारों धामों और हेमकुंड साहिब में अब तक 1336767 श्रद्धालुओं ने दर्शन कर लिए हैं। इनमें सबसे ज्यादा श्रद्धालु बाबा केदार के दर पर पहुंचे हैं।
केदारनाथ धाम में तो 20 हजार से नीचे श्रद्धालुओं के आंकड़े आ ही नहीं रहे हैं। यात्रा शुरू होने से पहले व्यवस्थित तरीके से यात्रियों को धामों के दर्शन कराने के लिए संख्या निर्धारित की गई थी, लेकिन जिस संख्या में तीर्थयात्री आ रहे हैं उसको देखते हुए निर्धारित संख्या में दर्शन कराना असंभव सा प्रतीत हो रहा है।
10 मई से अब तक केदारनाथ धाम में 551705 श्रद्धालुओं ने बाबा का आशीर्वाद लिया है। यमुनोत्री धाम में अब तक 240044 तीर्थ यात्रियों ने मां यमुनोत्री के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। गंगोत्री धाम में अब तक 231983 तीर्थयात्रियों ने मां गंगा के दर्शन किए हैं। वहीं बद्रीनाथ धाम में अब तक 299888 श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पहुंच चुके हैं। चारों धामों की यात्रा करने के बाद मां धारी देवी के दर्शन करने के लिए भी रोजाना हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले गए। सिखों के पवित्र धर्मस्थल हेमकुंड साहिब में कपाट खुलने के बाद अब तक 13147 श्रद्धालुओं ने माथा टेका। कुल मिलाकर चारों धामों और हेमकुंड साहिब में अब तक 1336767 तीर्थयात्री पहुंच चुके हैं।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 42-DRM-MB-24-25 29.05.2024 | 44-DRM-MB-24-25 29.05.2024 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Heavy repair to leaky roof of staff quarters, station building and Level crossing in the section of SSE/W/DDN under ADEN/HW. | Heavy repair to leaky roof of staff quarters, station building and Level crossing in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 27.06.2024 16:00 | 27.06.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 74,78,460.26 | 74,99,965.91 |
| धरोहर राशि | 1,49,600.00 | 1,50,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 13.06.2024 | 13.06.2024 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | 06 माह |

पत्रांक:- 74-W/2/3/WA/Publicationn दिनांक: 29.05.2024 1612/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**सम्मान समारोह**

**▶▶ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया।**



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ढालवाला स्थित पुष्पा बडेरा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरुवार को मेधावी छात्रों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी बीपी सिंह ने परिषदीय परीक्षा 2024-(हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट) के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीपी सिंह ने कहा कि प्रत्येक छात्र के अंदर प्रतिभा होती है, परंतु शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान होना भी जरूरी है। हमें अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से भी जुड़ा रहना चाहिए। तभी हम किसी भी कार्य को प्रभावी तरीके से कर पाएंगे।
कार्यक्रम में शामिल विशिष्ट अतिथि पूर्व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी शिवानंद कुड़ियाल ने कहा कि सफलता का एक निश्चित पैमाना नहीं होता है। छात्र निरंतर मेहनत करते रहें तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय बडोनी ने छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्र संस्कारवान बनें। मेधावी छात्र विषम परिस्थितियों में सामंजस्य बना लेता है तथा अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है।
मुख्य अतिथि की ओर से परिषदीय परीक्षा हाईस्कूल की वरीयता सूची एवं ससम्मान अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में सुशांत सेमवाल (97 प्रतिशत) वरीयता सूची में 13वां स्थान, अनीश जोशी (96 प्रतिशत), वरीयता सूची में 18वां स्थान, हार्दिक गोसाई (94.4 प्रतिशत), मोहित बिजल्वान (93.6 प्रतिशत), वंश चौधरी (90.2 प्रतिशत), प्रिंस झा (82.8 प्रतिशत), सूरज सिंह भंडारी (80.8 प्रतिशत), अभिषेक सिंह (78.6 प्रतिशत), गौरव खंडूरी (77.8 प्रतिशत), विकास डबराल (77.2 प्रतिशत), रोहित कुमार (76 प्रतिशत), कृष्ण गोयल (75.6 प्रतिशत), अक्षत त्यागी (75.4 प्रतिशत) एवं परिषदीय परीक्षा इंटरमीडिएट में आयुष सिंह नेगी (89.6 प्रतिशत), अभिषेक कलूड़ा (86.2 प्रतिशत), सोहित (85.2 प्रतिशत), अमित सिंह (82.2 प्रतिशत), श्रेय पंवार (82 प्रतिशत), नीरज थपलियाल (80 प्रतिशत), अनंत रतूडी (78 प्रतिशत), अभिषेक पन्यूली (75 प्रतिशत), सूरज लेखवार (75 प्रतिशत) को सम्मानित किया गया।

## उपराष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी हैं

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हल्द्वानी से कैंची धाम के लिए निकल गए हैं। उनके साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ का सड़क मार्ग से रानीबाग, भीमताल, भवाली होते हुए 11 बजकर 10 मिनट पर कैंची धाम पहुंचने का कार्यक्रम है।कैंचीं धाम में 30 मिनट का समय आरक्षित रखा गया है। दर्शनों के बाद वह दोपहर 12:50 बजे हल्द्वानी के तिकोनिया आर्मी हेलिपेड पहुचेंगे। यहां औपचारिक विदाई के उपरांत उपराष्ट्रपति धनखड़ पंतनगर के लिए रवाना होंगे।

**Name Change**
It is for general information that I, Jagdish Lal Sah S/o Kanhaiya Lal Sah R/o Bharatpur No- 2, P.O- Lamachaur, Haldwani, Po- Haldwani, Dist- Nainital, Uttarakhand- 263139, declare that name of mine and my father has been wrongly written as Jagdish Lal and Kanhaiya Lal respectively in my 10th & 12th Class School Certificate Cum Marksheet. The actual name of mine and my father is Jagdish Lal Sah and Kanhaiya Lal Sah respectively, which may be amended accordingly.

# ध्वस्तीकरण का विरोध, राजनैतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने किया सचिवालय कूच

**चेतावनी**

**- लोगों को बेघर न करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों के कार्यकताओं ने गुरुवार को गांधी पार्क से सचिवालय कूच कर नारेबाजी के साथ सरकार के ध्वस्तीकरण अभियान का विरोध किया। साथ ही लोगों को बेघर न करने की मांग को लेकर सचिवालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और आंदोलन की चेतावनी दी। संगठनों ने जनआक्रोश रैली निकाल सरकार के खिलाफ गुस्सा व्यक्त किया।

जनआक्रोश रैली में किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सजवान ने कहा कि देहरादून में चल रहा ध्वस्तीकरण अभियान गैर कानूनी और जन विरोधी है। सरकार कानून के प्रावधानों और अपने ही वादों का उल्लंघन कर रही है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. एसएन सचान ने कहा कि कुछ ही महीनों में 2018 का कानून भी खत्म हो रहा है। इसके बाद सभी बस्तियों को उजाड़ा जा सकता है। चाहे वे कभी भी बसे हों। उन्होंने कहा कि जब सरकार ने आठ वर्ष में नियमितीकरण, पुनर्वास और घर के लिए कोई भी कदम नहीं उठाया तो लोग कहां रहें? इस पर सरकार जनता को जवाब दे।

**जब तक न हो नियमितीकरण और पुनर्वास, तब तक न करें बेदखल**

जनता ने मांग उठाई कि सरकार कोर्ट के आदेश का बहाना न बनाए। ध्वस्तीकरण अभियान पर रोक लगाया जाए। बिना पुनर्वास किसी को बेघर न किया जाए। इस पर कानून लाया जाए। कानूनी प्रावधान हो कि जब तक नियमितीकरण -पुनर्वास नहीं होता, तब तक बेदखली पर रोक हो।

**पहले बिल्डरों एवं सरकारी विभागों के अतिक्रमण पर हो कार्रवाई**

मांग की गई कि राज्य के शहरों में वेंडिंग जोन को घोषित किया जाए। पर्वतीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वन अधिकार कानून पर अमल किया जाए। बिल्डरों एवं सरकारी विभागों के अतिक्रमण पर पहले कार्रवाई की जाए। बड़ी कंपनियों को सब्सिडी देने की प्रक्रिया बंद की जाए। 12 घंटे का काम करने के कानून, चार नए श्रम संहिता और अन्य मजदूर विरोधी नीतियों को रद्द किया जाए और न्यूनतम वेतन 26 हजार किया जाए।

**तिलाड़ी के शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

30 मई को तिलाड़ी कांड की 92वीं वर्षगाठ है और सीआईटीयू ट्रेड यूनियन गठबंधन का स्थापना दिवस भी है। इसको किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रदर्शनकारियों ने तिलाड़ी के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सीआईटीयू के प्रांतीय सचिव लेखराज ने संचालन किया। इस दौरान किसान सभा के प्रदेश महामंत्री गंगाधर नौटियाल, सीपीएम के राज्य सचिव राजेंद्र नेगी, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष हीरा सिंह बिष्ट, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट, उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के प्रवक्ता चिंतन सकलानी, बसपा के दिग्विजय सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# कैंची धाम पहुंचे उपराष्ट्रपति, बाबा नीब करौरी महाराज के किए दर्शन

**कैंची धाम**

**उपराष्ट्रपति बोले- इस पवित्र जगह पर आकर मन में एक नई ऊर्जा का हुआ संचार**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पत्नि डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ गुरुवार को उत्तराखंड के नैनीताल जिले में स्थित कैंची धाम पहुंचे। उपराष्ट्रपति ने यहां पत्नि संग नीब करौरी महाराज के दर्शन किए और आश्रमवासियों के साथ समय व्यतीत किया।

दर्शन के उपरांत उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस पवित्र जगह पर आकर मन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि इस जगह आकर उन्हें धार्मिकता, उदात्तता और आध्यात्मिकता के संगम का आभास हुआ है। ये वो जगह है जहां ऐसे महापुरुष हुए हैं जिनके द्वारा निर्धारित उच्चतम सिद्धांत सभी के लिए अनुकरणीय हैं।

उपराष्ट्रपति ने भारत की उत्कृष्ट सांस्कृतिक विरासत की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि भारत की 5000 वर्ष की सांस्कृतिक विरासत दुनिया में बेमिसाल है और वैश्विक समस्याओं के समाधान में भारतीय संस्कृति एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है इससे पूर्व हल्द्वानी आगमन पर उत्तराखंड के राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह एवं कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।

# कैंब्रिज ने भारत में मार्च 2024 के परीक्षा परिणामों की घोषणा की

**परीक्षाएं**

**यह भारत में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अब तक की सबसे बड़ी मार्च की परीक्षाएं थीं**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप ने भारत में अपने मार्च 2024 के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी है। देश में 400 स्कूलों से 15,000 से ज्यादा विद्यार्थियों को कैंब्रिज आईजीसीएसई और इंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल परिणाम प्राप्त हो चुके हैं। यह भारत में कैंब्रिज द्वारा आयोजित अब तक की सबसे बड़ी मार्च की परीक्षाएं थीं। इस साल मार्च की परीक्षाओं के लिए 76,000 से ज्यादा प्रविष्टियाँ आई थीं, जो पिछले साल के मुकाबले 17 प्रतिशत ज्यादा थीं। कैंब्रिज आईजीसीएसई के लिए 56,000 से ज्यादा प्रविष्टियाँ मिली थीं, जो पिछले साल के मुकाबले 17 प्रतिशत ज्यादा थीं।

कैंब्रिज इंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल के लिए 18,400 से ज्यादा प्रविष्टियाँ मिली थीं, जो पिछले साल के मुकाबले 18 प्रतिशत ज्यादा थीं।

विद्यार्थियों को अपने प्रतिभाशाली परिणामों के लिए बधाई देते हुए अरुण राजामणि, मैनेजिंग डायरेक्टर, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट, साउथ एशिया ने कहा कि हम अपने सभी लर्नर्स और स्कूलों को कैंब्रिज आईजीसीएसई और इंटरनेशनल एएस एवं ए लेवल की परीक्षाओं में उनके शानदार परिणामों के लिए हार्दिक बधाई देते हैं। उनकी सफलता हर टीचर, पैरेंट और हमारे शैक्षणिक समुदाय के सदस्य की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## फॉसिल ने अपने रिटेल फुटप्रिंट को बढ़ाते हुए देहरादून में अपना दूसरा फ्रैंचाईजी स्टोर खोला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
इंदौर में अपने पहले फ्रैंचाईजी स्टोर की सफलता के बाद लाईफस्टाईल एक्सेसरीज कंपनी, फॉसिल ने भारत में अपना दूसरा फ्रैंचाईजी स्टोर देहरादून में लॉन्च किया। इस विस्तार से ब्रांड का अनुभव देश के नए व उभरते हुए बाजारों में ग्राहकों के नजदीक ले जाने की फॉसिल की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है।

इस अवसर पर फॉसिल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, जॉनसन वर्गीज ने कहा कि इंदौर में हमारे पहले स्टोर को ग्राहकों से मिली बेहतरीन प्रतिक्रिया ने हमारा उत्साह बढ़ाया है। अब हम अपनी इस मुहिम को फैशन-प्रेमी ग्राहकों के शहर, देहरादून में अपने दूसरे फ्रैंचाईजी स्टोर के साथ आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं।

# किसान अपने आप को तकनीकी रूप से आगे बढ़ाए: धनखड़

**रूद्रपुर/उधमसिंह नगर/टीम एक्शन इंडिया**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय पंतनगर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकगणों के साथ संवाद किया। उपराष्ट्रपति ने नाहेप भवन में लगाये गये कृषि उत्पाद स्टॉलों का निरीक्षण किया व कृषि संग्रहालय का भ्रमण किया।



उन्होंने विवि के कृषि संग्रहालय का भ्रमण कर विश्व विद्यालय के छह दशक की पूरी गाथा जानी तथा विवि की स्थापना, हरित क्रांति को इतिहास से जुड़ी तस्वीरों और दस्तावेजों के माध्यम से जाना। कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. शिवेंद्र कुमार ने उपराष्ट्रपति को संग्रहालय की विशेषताएं बताई। संग्रहालय देख उपराष्ट्रपति काफी प्रभावित हुऐ। उपराष्ट्रपति ने संग्रहालय की तारीफ की।

उपराष्ट्रपति ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बदलते परिवेश में किसान अपने को तकनीकी रूप से आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में किसानों को अपना योगदान देना है तो किसानों को तीन बातों के लिए वचनबद्ध होना पड़ेगा। किसानों को कृषि के साथ ही कृषि उद्योगों से जुड़ना होगा। किसान अपना उत्पाद तुरंत बेच देते हैं, जिससे उनको उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पता है और उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ता है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा फायदा लेने के लिए वेयर हाउसिंग बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह देखा जाता है कि किसान दूध और छाछ तक ही सीमित रहता है। अब समय आ गया है कि दूध से आइसक्रीम, पनीर व सभी प्रकार के दुग्ध उत्पाद तैयार कर बाजार में बेंचे।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसानों को आय बढ़ाने के लिए कृषि उत्पादों की ब्रैंडिंग, पैकेजिंग कर संगठित बाजार व क्लस्टरों से जुड़ना होगा, ताकि वे अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि कृषकों के योगदान से ही भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र होगा।

## न्यूज फ्लैश

### विकास लाइफकेयर लिमिटेड ने एबिक्स, इंक. के इंडीपेंडेंट डायरेक्टर्स को जमा की टर्म शीट

**देहरादून**
विकास लाइफकेयर लिमिटेड (वीएलएल) ने एराया लाइफस्पेस लिमिटेड (बीएसई : 531035) के नेतृत्व वाली मेंबर ऑफ कंसोर्शियम में एबिक्स की 100 प्रतिशत इक्विटी हासिल करने के लिए एबिक्स, इंक. के स्वतंत्र डायरेक्टर्स को एक टर्म शीट प्रस्तुत की है। अगर कंपनी इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेती है, तो इसे प्लान ऑफ रीऑर्गेनाइजेशन चैप्टर 11 के तहत लागू किया जाएगा, जिस पर पक्षकारों और अन्य मेजर स्टैकहोल्डर के बीच चर्चा की जाएगी। प्लान को बैंकरप्सी कोर्ट की मंजूरी के अधीन होना होगा, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के बैंकरप्सी कोड के प्रावधानों के अनुसार होगा।

कंसोर्शियम द्वारा प्रस्तुत टर्म्स को एबिक्स के सीईओ के नेतृत्व में एबिक्स के सीनीयर मैनेजमेंट का सपोर्ट प्राप्त है। उनका उद्देश्य स्पॉन्सर्ड प्लान से एबिक्स को चैप्टर 11 से बाहर निकालने के लिए देनदारों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करना है।

कंसोर्शियम एक बाइंडिंग स्टॉकिंग हॉर्स एग्रीमेंट के एक्सिक्युशन पर देनदारों को 5 प्रतिशत नकद जमा करेगा। इस प्रस्ताव में कंसोर्शियम पूरे विश्व में स्थित एबिक्स की सहायक कंपनियों के 100 प्रतिशत इक्विटी और संपत्तियों का अधिग्रहण करेगा, लेकिन इसमें उत्तरी अमेरिकी कंपनी में सभी देनदारियों को छोड़ दिया गया है, सिवाय उन देनदारियों के रखा गया जिन्हें कंसोर्शियम द्वारा स्टॉकिंग हॉर्स एग्रीमेंट में रखा जाना स्वीकार किया जाएगा।

एबिक्स इंक. बीमा, वित्तीय और स्वास्थ्य सेवा इंडस्ट्रीज को ऑन-डिमांड सॉफ्टवेयर और ई-कॉमर्स सेवाओं का एक प्रमुख इंटरनेशनल सप्लायर है। एबिक्स इंक., (एनएएसडीएक्यू : एबिक्स) इन्फ्रास्ट्रक्चर एक्सचेंज्स, कैरियर सिस्टम्स, एजेंसी सिस्टम्स और रिस्क कंप्लायंस सॉल्यूशन्स से लेकर बीमा उद्योग में शामिल सभी संस्थाओं के लिए कस्टम सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट तक हर सॉल्यूशन समाधान प्रदान करती है।

एबिक्स की फिजिटल स्ट्रेटेजी कई सारे साउथ-ईस्ट एशियन नेशन्स (आसियान) के 320,000 फिजिकल डिस्ट्रीब्यूशन आउटलेट्स को जोड़ती है। एबिक्सकैश का फोरेक्स ऑपरेशन भारत के एअरपोर्ट फोरेन एक्सचेंज में अग्रणी बनकर उभरा है, जो हर साल 4.8 बिलियन डॉलर से अधिक ग्रॉस ट्रांसक्शन वैल्यू का ऑपरेशन करता है। एबिक्सकैश का भारत में इनवर्ड रेमिटेंस बिजनेस सालाना लगभग डॉलर 5 बिलियन का ग्रॉस रेमिटेंस बिजनेस करता है।

# जोशीमठ के आपदा पीड़ित दलित परिवारों पर दर्ज मुकदमें वापस लिए जाए: सती

**ज्ञापन**

**समिति की ओर से इस संबंध में एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया है**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति ने मांग की है कि जोशीमठ के आपदा पीड़ित दलित परिवारों पर किये गये फर्जी मुकदमों को वापस लिया जाए। समिति की ओर से इस संबंध में गुरुवार को एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया है।



जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती ने बताया है कि जोशीमठ क्षेत्र के तमाम वाशिंदे अपने विस्थापन और पुनर्वास की मांग को लेकर एक मशाल जुलूस में शामिल हुए थे। यह मशाल जुलूस 11 मई 2023 को जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से साल भर चले आंदोलन के क्रम में अपनी मांगों के संदर्भ में निकाला था।

उन्होंने बताया कि संघर्ष समिति की ओर से उपजिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को इसकी सूचना भी दी गई थी। इसके बावजूद पुलिस की ओर से दलित परिवारों के आपदा पीड़ितों को मुकदमें के नोटिस थमा दिए गये हैं। पुलिस की यह कार्रवाई किसी प्रकार से न्यायोचित नहीं है। वर्तमान समय में भी आपदा पीड़ित अपनी मांगों को लेकर लगातार सरकार से गुहार लगा रहे हैं लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय उल्टा उन पर मुकदमें किये जाने के नोटिस दिए जा रहे हैं जो सरासर गलत है।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि आपदा पीड़ितों के ऊपर हो रही इस कार्रवाई को रोका जाए तथा मुकदमें वापस लिये जाएं।

ज्ञापन देने वालों में अतुल सती, संजय उनियाल, बुद्धिलाल, भवानी, महेंद्र, लक्ष्मी देवी, दीपक कुमार टम्टा आदि शामिल थे।

## गांधी के प्रति द. अफ्रीका के लोग भी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं: माहरा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि जब भी विश्व के महापुरुषों की गिनती होती है उसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सर्वोच्च स्थान पर पाकर भारतवासी अपने को गौरवान्वित महसूस करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि गांधी पर फिल्म बनने के बाद पूरा विश्व उन्हें जान पाया। माहरा ने कहा कि आजादी के महानायक जिनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजादी की लड़ाई लड़ी और जिनकी बदौलत हम आजाद देश में सांस ले रहे हैं।

# मंत्री ने चारधाम यात्रा पंजीकरण जांच केंद्र का किया निरीक्षण

**निर्देश**

**मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने रजिस्टर में यात्रियों के हस्ताक्षर का कॉलम बढ़ाने के लिए निर्देश दिये।**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने गुरुवार को भद्रकाली पुलिस चौकी पर बनाये गए चारधाम यात्रा पंजीकरण जांच केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रजिस्टर की जांच करते हुए



पुलिस अधिकारियों को यात्रियों से अच्छा व्यवहार अपनाने के लिए कहा।गुरुवार को मंत्री डॉ. अग्रवाल अचानक भद्रकाली पुलिस चौकी पर बनाए गए यात्री पंजीकरण जांच केंद्र पहुंचे। उन्होंने पंजीकरण के लिये बनाये गए रजिस्टर को देखा।

उन्होंने रजिस्टर में यात्रियों के हस्ताक्षर का कॉलम बढ़ाने के लिए निर्देश दिये। डॉ. अग्रवाल ने यहां तैनात पुलिस कर्मियों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि देवभूमि में आने वाले प्रत्येक यात्रियों से अच्छा व्यवहार किया जाए, जिससे यात्री यहां से जाकर राज्य के प्रति अच्छी छवि लेकर जाए।

# गोपेश्वर में मतगणना कार्मिकों को दिया गया पहला प्रशिक्षण



**मतगणना**

**लोकसभा चुनाव के मतों की मतगणना के लिए चमोली जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।**

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
लोकसभा चुनाव के मतों की मतगणना के लिए चमोली जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतगणना का कार्य चार जून को सुबह आठ बजे से शुरू होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज गोपेश्वर में मतगणना के लिए नियुक्त सभी कार्मिकों को पहला प्रशिक्षण दिया गया। कार्मिकों का दूसरा प्रशिक्षण तीन जून को होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम और बेहद महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने मतगणना कार्मिकों को बेहद गंभीरता, सतर्कता और सावधानी के साथ मतगणना कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं जल्दबाजी न की जाए। मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन करें। प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी, अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद भी किसी के मन में मतगणना से संबंधित कोई शंका हो तो निसंकोच होकर मास्टर ट्रेनर से संपर्क करते हुए उसका समाधान करें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्यों में जरा सी भी चूक से निर्वाचन प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है इसलिए मतगणना में विशेष सावधानी बरती जाए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर परियोजना निदेशक आनंद सिंह, प्रवक्ता एपी डिमरी, मनोज तिवारी, जयदीप झिंक्वाण, दिगपाल रावत, खीम सिंह कंडारी, जयवीर रावत, अनिल नौटियाल एवं विनोद रावत ने राइका गोपेश्वर में मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना कार्यों का सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

# उत्तराखंड को वैश्विक एस्ट्रो टूरिज्म मानचित्र पर लाएगा 'नक्षत्र सभा'

**टूरिज्म**

**31 मई से दो जून तक जॉर्ज एवरेस्ट मसूरी में होगा प्रथम एस्ट्रो टूरिज्म का आगाज**
**खुलेंगे रोजगार के द्वार**




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद द्वारा एस्ट्रो टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एस्ट्रो टूरिज्म कंपनी, स्टारस्केप्स के सहयोग से ह्यनक्षत्र सभाह्ण शुरू कर रहा है, जो भारत का पहला वार्षिक अभियान है। नक्षत्र सभा तारों को देखने, विशेष सौर अवलोकन, एस्ट्रो फोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों को प्रस्तुत कर एस्ट्रो टूरिज्म के क्षेत्र में उत्तराखंड पर्यटन की नई पहल है।

31 मई से दो जून तक जॉर्ज एवरेस्ट मसूरी में प्रथम एस्ट्रो टूरिज्म का आयोजन होगा। इसमें 84 प्रतिभागी आयोजन स्थल पर स्थापित कैंपों में रात्रि प्रवास कर विशेष उपकरणों के माध्यम से ब्रह्मांड की सुदंरता को देखने का अनुभव प्राप्त करेंगे। साथ ही एक जून से आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग करने के लिए 100 से अधिक प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

ह्यनक्षत्र सभाह्ण का उद्घाटन एक जून को प्रातः 10:30 बजे आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एआरआईईएस) के निदेशक एवं अन्य गणमान्य की उपस्थिति में होगा। तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न गतिविधियां जैसे विशेष उपकरणों के माध्यम से तारों को देखना, सौर चश्मे एवं एच-अल्फा फिल्टर के माध्यम से सौर अवलोकन, एस्ट्रो टूरिज्म पर विशेषज्ञ वार्ता, एस्ट्रो फोटोग्राफी प्रतियोगिता, खगोलीय प्रदर्शन आदि आयोजित की जाएगी।

इसके बाद वर्षभर हर्षिल जादुंग, बेनीताल, ऋषिकेश, जागेश्वर, रामनगर आदि स्थलों पर भी एस्ट्रो टूरिज्म का आयोजन किया जाएगा। इसमें विशेषज्ञों के साथ सेमिनार और वेबिनार के अलावा उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, नैनीताल, चमोली जिलों में डार्क स्काई संभावित स्थलों को कवर किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य खगोल विज्ञान के प्रति उत्साही लोगों और यात्रियों को ब्रह्मांड की सुंदरता देखने के लिए एक साथ लाना है।

यह अभियान स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगा। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्टारस्केप्स की टीम स्थानीय समुदायों, यात्रा और पर्यटन भागीदारों के साथ-साथ होमस्टे समुदायों के साथ सक्रिय रूप से कार्य करेगी। ह्यनक्षत्र सभाह्ण के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और निरंतर सहायता प्रदान करेगी।

पर्यटन सचिव व उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सचिन कुर्वे ने कहा कि उत्तराखंड में एस्ट्रो टूरिज्म गंतव्यों की बहुतायत है। उत्तराखंड अपने विशाल वन क्षेत्र, प्रकृति-आधारित पर्यटन और होमस्टे के साथ एस्ट्रो टूरिस्ट की पसंद बनने के लिए विशिष्ट स्थिति में है। यह अभियान उस दिशा में अहम कदम है।

